# कार्यालय, प्राचार्य नवीन शासकीय महाविद्यालय पोड़ी-बचरा कोरिया (छ.ग.)

(Affiliated to Sant Gahira Guru Vishwavidyalaya Sarguja Ambikapur (C.G.)

AISHE code -C-70548 Email- naveencollege.podibachara@gmail.com


क्रमांक/ 58 /स्था/ 2025 पोड़ी-बचरा दिनांक 31-07-25

## अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक / ग्रंथपाल/ ग्रंथपाल सहायक हेतु संक्षिप्त विज्ञापन

नवीन शासकीय महाविद्यालय पोड़ी-बचरा जिला कोरिया छ.ग. में सहायक प्राध्यापक रिक्त पदों के विरुद्ध अध्यापन हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्रमांक | विषय | पद संख्या | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 01. | भौतिकी- | 01 | - |
| 02. | गणित | 01 | - |
| 03. | जन्तु विज्ञान | 01 | - |
| 04. | वनस्पति विज्ञान | 01 | - |
| 05. | अंग्रेजी | 01 | - |
| 06. | भूगोल | 01 | - - |
| 07. | ग्रंथपाल | 01 | - |
| 08. | हिंदी | 01 | हिन्दी विषय के पद पर अतिथि व्याख्याता की व्यवस्था माननीय उच्च न्यायालय के प्रकरण क्रमांक WPS 8190/2024 में जो निर्णय पारित होगा, उसके अधीन होगी। |

आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक 11.08.2025 को सायं 05:30 बजे तक केवल रजिस्टर डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

चयन प्रक्रिया अतिथि व्याख्याता नीति 2024 के अनुसार किया जाएगा।

नोट- विस्तृत विज्ञापन महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है एवं अग्रणी महाविद्यालय की वेबसाईट https://rpspgc.edu.in मे विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

प्राचार्य

PRINCIPAL

Naveen Govt. College

Pondi Bachara, Distt. Korea (C.G.)

## अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक हेतु विस्तृत विज्ञापन -

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर का पत्र क्रमांक574/126/आउशि/राज.स्था. नवा रायपुर दिनांक 06.07.2024 एवं छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय का पत्र क्रमांक F 3-54/स्था./2020/38-1 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 20.06.2024 एवं कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर का पत्र क्रमांक 289/01/आउशि/राज.स्था./2025 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 23.07.2025 के अनुसार **शासकीय नवीन महाविद्यालय पोड़ी-बचरा** में अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता एवं अतिथि शिक्षण सहायक/ ग्रंथपाल एवं ग्रंथपाल सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक 11.08.2025 को सायं 05:30 बजे तक केवल रजिस्टर डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।चयन प्रक्रिया एवं समस्त नियुक्तियाँ अतिथि व्याख्याता नीति 2024 के प्रावधानों के अंतर्गत शासन द्वारा जारी निर्देशों के पालन में मानी जाएंगी।शासन द्वारा जारी निर्देशों के पालन में विज्ञापन निरस्तीकरण या पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।

**आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता**

1. अतिथि व्याख्याता नीति 2024 की कंडिका 9.6 के पालन में अतिथि व्याख्याता हेतु पात्र (आवेदकों के पास पीएचडी, नेट, सेट, एम फिल होना चाहिए) आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा। इनकी उपलब्धता न होने पर पूर्व में कार्यरत अतिथि शिक्षण सहायक को ही प्रथम आमंत्रण दिया जाएगा, तत्पश्चात मेरिट सूची के अनुसार आवेदकों को आमंत्रित किया जाएगा।अतिथि व्याख्याता नीति 2024 महाविद्यालय की नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।
2. अतिथि व्याख्याता को कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं उच्चतर शिक्षा में मानकों के रखरखाव हेतु अन्य उपाय) संबंधी विनियम 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत अतिथि व्याख्याता शिक्षण सहायक के लिए स्नातकोत्तर स्तर पर 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए परंतु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।

3. आयु सीमा- अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक अधिकतम 65 वर्ष तक । अतिथि ग्रंथपाल / अतिथि क्रीडा अधिकारी एवं अतिथि ग्रंथपाल सहायक / क्रीडा सहायक अधिकतम 62 वर्ष तक।

4. छ.ग. के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।

5. संबंधित विषयों में नवीन नियुक्ति/नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरूप पद भर जाने पर उक्त पद के विरूद्ध कार्यरत अतिथि व्याख्याता एवं अन्य की सेवा स्वत: समाप्त हो जावेगी।

**शर्तें-**

1. आवेदन के साथ मूल निवास प्रमाण पत्र, दसवी, बारहवीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, सेट/नेट, एम.फिल./ पीएचडी अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें।
2. दिनांक 11.08.2025 को सायं 05:30 बजे तक कार्यालय समय में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं, प्राप्त आवेदनों को ही गुणानुक्रम सूची में शामिल किया जाएगा। ईमेल से भेजे गए आवेदन को मान्य नहीं किया जाएगा।वर्तमान में आफलाइन अथवा डाक के माध्यम से आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। भविष्य में आवेदन स्वीकार करने की इस प्रक्रिया में आनलाइन पोर्टल तैयार होने पर आवश्यकतानुसार परिवर्तन संभावित होगा।
3. अंतिम तिथि तक महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
4. प्राप्त आवेदनों की पदवार अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन 14.08.2025 दिनांक को महाविद्यालय के सूचना पटल पर प्रकाशित किया जाएगा।
5. गुणानुक्रम अनुसार अनंतिम सूची में दावा आपत्ति तिथि 19.08.2025 तक होगी।
6. अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक 20.08.2025 को किया जाएगा जिसका अवलोकन महाविद्यालय की सूचना पटल पर किया जाएगा।
7. आमंत्रित अभ्यर्थियों को कार्यभार ग्रहण करते समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस/न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है।साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य शासकीय/अशासकीय सेवा में नहीं है एवं पूर्व में किसी महाविद्यालय में शिकायत/कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवाएं समाप्त नहीं की गई हैं।
8. आवेदन उपरांत संबंधित आमंत्रित चयनित अभ्यर्थी यदि समय सीमा में कर्तव्यस्थल पर उपस्थित नहीं होता है तो उसे उस दशा में अगले चरणों में सम्मिलित नहीं किया जाएगा।
9. अतिथि व्याख्याताओं एव अन्य की सेवाएं भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं होगा।

10. अतिथि व्यवस्था के अंतर्गत देय मानदेय निम्नानुसार होगा -

| क्र. | विवरण | अतिथि व्याख्याता | अतिथि शिक्षण सहायक |
|---|---|---|---|
| (अ) 40-45 मिनट के एक व्याख्यान के लिए | | | |
| 1 | 40-45 मिनट के एक व्याख्यान के लिए | 400/- | 300/- |
| 2 | चार कालखंडो के लिए प्रतिदिन अधिकतम मानदेय | 1600/- (41600/- प्रतिमाह अधिकतम) | 1200/- (30000/- प्रतिमाह अधिकतम) |
| (ब) 60 मिनट के एक व्याख्यान के लिए | | | |
| 3 | 60 मिनट के एक व्याख्यान के लिए | 500/- | 350/- |
| 4 | चार कालखंडो के लिए प्रतिदिन अधिकतम मानदेय | 2000/- (50000/- प्रतिमाह अधिकतम) | 1400/- (35000/- प्रतिमाह अधिकतम) |
| (स) दैनिक मानदेय | | | |
| 5 | विवरण | अतिथि ग्रंथपाल /क्रीडा अधिकारी | अतिथि ग्रंथपाल सहायक / अतिथि क्रीडा सहायक |
| | दैनिक मानदेय (प्रति दिवस न्यूनतम 07 घंण्टा कार्य अवधि) | 1600/- प्रतिदिन (40,000/- प्रतिमाह अधिकतम ) | 1200/- प्रतिदिन (30,000/- प्रतिमाह अधिकतम ) |

11. आवेदक बंद लिफाफेके उपर पत्राचार का पता प्राचार्य नवीन शासकीय महाविद्यालय पोड़ी-बचरा जिला कोरिया छ.ग. एवं आवेदित विषय/पद आवश्यक रूप से लिखें।
12. इस विज्ञापन के तहत व्यवस्था किए गए अतिथि व्याख्याता एवं अन्य को महाविद्यालयीन स्थापना के अंतर्गत नहीं माना जाएगा और वे लोक सेवक की भी विहित परिभाषा के अंतर्गत लोकसेवक नहीं कहलाएंगे।
13. संस्थान में इस व्यवस्था के अंतर्गत कार्यरत, यदि लगातार 15 दिवस तक बिना सूचना अनुपस्थित रहता है तो उनकी व्यवस्था स्वत: समाप्त हो जाएगी, जिसकी कार्यवाही संबंधित संस्था प्रमुख द्वारा की जाएगी।
14. उन्हें सर्वत्र अनुशासन बनाए रखना होगा तथा संस्था प्रमुख के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

15. कक्षाओं के संचालन के साथ साथ संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार अध्यापन के अतिरिक्त् कार्य यथा प्रवेश, परीक्षा, छात्र संघ चुनाव, योजनाओं का संचालन, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्रीडा गतिविधियॉ, युवा उत्सव, आंतरिक परीक्षाओं का संचालन एवं मूल्यांकन, नैक मूल्यांकन संबंधी कार्यों में ये सहयोग प्रदान करेंगे।

16. यदि कार्यअवधि के शैक्षणिक सत्र में इनकी अध्यापन कार्य संबंधी अथवा अन्य शिकायतें प्राप्त होती हैं तो सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेंगी तथा वे आगामी शैक्षणिक सत्रों में अध्यापन कार्य हेतु पात्र नहीं होंगें।

प्राचार्य
नवीन शासकीय महाविद्यालय
पोड़ी-बचरा, जिला कोरिया (छ.ग.)

PRINCIPAL
Naveen Govt. College
Pondi Bachara, Distt. Korea (C.G.)